दिन– गुरुवार दिनांक– 13 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण का काम अगले वर्ष दिसम्बर महीने तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

02. कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – प्रदेश में फसल अवशेष जलाने वाले किसान गेहूँ की खरीद के लाभ से वंचित रहेंगे।

03. आज होलिका दहन है। होली के अवसर पर प्रदेश में शांति–व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम।

04. और, राज्य के अधिकांश स्थानों का तापमान पैंतीस डिग्री सेलिसयस के पार। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि राज्य में भूमि सर्वेक्षण का काम अगले वर्ष दिसम्बर महीने तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विधानसभा में विभागीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री सरावगी ने कहा कि स्वघोषणा जमा करने के लिए इस वर्ष तीस मार्च तक समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि विभाग इस तिथि को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। श्री सरावगी ने कहा कि सर्वे में भ्रष्टाचार के दोषी अधिकारियों और बिचौलियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

–––बाइट–––

---

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि फसल अवशेष जलाने वाले किसान गेहूँ की खरीद के लाभ से वंचित रहेंगे। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष को जलाने के बजाय इसका उचित प्रबंधन करने की सलाह दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि फसल अवशेष जलाने वाले किसानों को वर्तमान में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत मिलने वाले अनुदान से वंचित किया जा रहा है। अब उन्हें गेहूँ की खरीद के लाभ से भी वंचित किया जायेगा। बार–बार फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी होगी।

---

होली को लेकर विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विधानसभा में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की। इधर, संसद

के दोनों सदनों की कार्यवाही भी होली पर्व को लेकर सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

---

आज होलिका दहन है। फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन की परंपरा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस वर्ष फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा दो दिन होने के कारण होलिका दहन के एक दिन बाद होली मनायी जायेगी। इधर, होली को लेकर प्रदेश में विशेष चौकसी बरती जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। इधर, होली पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाने और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के निर्देश हैं। शांति समिति की बैठकें आयोजित करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

---

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा होलिका दहन के अवसर पर दहन सामग्री में प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग नहीं करने की सलाह जारी की गयी है। पर्षद ने लोगों से टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक आदि के सामान नहीं जलाने की अपील की है।

———प्रोमो———

---

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में होली उत्सव की शुरूआत हो गयी है। अलग–अलग अंचलों में विशेष अंदाज में होली मनायी जा रही है। हमारे संवाददााता ने बताया है कि बेगूसराय के मटिहानी गांव में होली से एक दिन पहले ही अनोखी होली खेली जाती है। मथुरा वृंदावन की होली की तर्ज पर ही स्थानीय ग्रामीण प्रतियोगिता के अंदाज में होली मनाते हैं।

———बाईट———

मथुरा वृंदावन की होली की तर्ज पर ही बेगूसराय के मटिहानी गांव में भी विशेष होली की परंपरा है। इस दौरान सात कुओं पर रंग घोला जाता है। इन कुओं से रंग निकालकर अलग.अलग टोलियां एक.दूसरे पर रंग बरसती हैं। प्रतियोगिता में जिस टोली की पिचकारी का रंग पहले समाप्त होता है उसकी हार होती है। वहीं जीतने वाले को सम्मानित किया जाता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार गांव में 100 वर्षों से अधिक समय से यह होली मनाई जा रही है।

———बाइट ग्रामीण———

ग्रामीणों के अनुसार राजस्थान के मारवाड़ से आये कुछ परिवारों ने इस होली की परंपरा की शुरूआत की थी। होली की शुरूआत से दो सप्ताह पहले से स्थानीय युवकों की टोली गांव में घूम .घूम कर होली की गीत और जोगीरा गाती हैं। इससे पूरा माहौल उल्लासमय बन उठता है।

आकाशवाणी समाचार के लिये बेगुसराय से विजय कुमार झा।

---

होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि विशाखपट्टणम – पटना के बीच तीन जोड़ी विशेष ट्रेन चलायी जायेगी। वहीं, नई दिल्ली से कटिहार और कामाख्या, आनंद विहार–जोगबनी, ग्वालियर–पुरी, बरौनी–उधना स्पेशल, मुजफ्फरपुर–हुब्बल्लि, पटना–वास्को डी गामा और दानापुर–मैसूर के बीच भी अलग–अलग तिथियों पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। रेलवे ने इन ट्रेनों की समय सारिणी जारी कर दी है। रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर – एक सौ उनतालीस डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

---

राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। अधिकांश स्थानों का तापमान पैंतीस डिग्री सेलिसयस के आस–पास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, शेखपुरा का छत्तीस डिग्री सेल्सियस और राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चौंतीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिन के दौरान पश्चिम चम्पारण, कैमूर और बक्सर जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामलें सामने आने के बाद राज्य सरकार ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। इस बीच, एम्स पटना में पल्मोनरी मेडिसिन विभाग में अपर प्रधानाध्यापक डॉक्टर सौरभ करमाकर ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

–––बाइट–––

---

पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला पर्षद क्षेत्र में नौ हजार

करोड़ रूपये की लागत से विकास कार्य किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस राशि से नाली–गली और सड़क निर्माण समेत अन्य विकास कार्य किये जायेंगे।

---

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने जिला परिषदों के उपविकास आयुक्तों से मौजूद संसाधनों का उपयोग कर आय के नये स्त्रोत विकसित करने को कहा है। उन्होंने पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में डीडीसी को जिला परिषद की जमीन का भौतिक सत्यापन और दाखिल खारिज के कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।

---

विश्व दृश्य श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स–दो हजार पच्चीस से पहले आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव वैश्विक समुदाय से संपर्क करेंगे। इस आयोजन के माध्यम से सरकार का लक्ष्य मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए एकीकृत वैश्विक मंच के रूप में वेव्स की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रदर्शन करना है। कार्यक्रम में सौ से अधिक राजदूत और उच्चायुक्त, मीडिया तथा मनोरंजन क्षेत्र से जुड़ी कई हस्तियां शामिल होंगी। वेव्स शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण पहली से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

---

शिक्षा मंत्रालय युवा लेखकों का मार्गदर्शन करने वाली योजना पीएम–युवा **थ्री प्वाइंट जीरो** के अंतर्गत लेखकों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। यह प्रतियोगिता दस अप्रैल तक माय जीओवी वेबसाइट पर आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से कुल पचास लेखकों का चयन किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य देश में पढ़ने, लिखने और पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन इस वर्ष अप्रैल में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा।

---

संचार राज्य मंत्री डॉक्टर पेम्मासानी चंद्रशेखर ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभी सिक्स–जी तकनीक विकसित हो रही है, जिसके वर्ष दो हजार तीस तक आने की उम्मीद है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने बताया कि भारत का सिक्स–जी भविष्य मसौदा किफायती और सर्वव्यापकता के सिद्धांतों पर आधारित है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– सदन को वर्ष दो हजार पांच के पूर्व और बाद का हाल बतायेंगे।

दैनिक जागरण ने पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक की खबर पर लिखा है– पाकिस्तानी सेना का दावा– आपरेशन हुआ खत्म, तैंतीस बलूच विद्रोही मारे गये।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– होली से पहले ही तीन राज्य लू की चपेट में, अगले हफ्ते चार और राज्यों में थपेड़े।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण का काम अगले वर्ष दिसम्बर महीने तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

02. कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – प्रदेश में फसल अवशेष जलाने वाले किसान गेहूँ की खरीद के लाभ से वंचित रहेंगे।

03. आज होलिका दहन है। होली के अवसर पर प्रदेश में शांति–व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम।

04. और, राज्य के अधिकांश स्थानों का तापमान पैंतीस डिग्री सेलिसयस के पार। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।